बाल सुरक्षा और मानव तस्करी रोकने को पुलिस की समन्वय गोष्ठी

महराजगंज आज। बाल सुरक्षा, मानव तस्करी की रोकथाम और किशोर न्याय अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में मासिक समन्वय गोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी फरेंदा दीपशिखा वर्मा ने की।



गोष्ठी में पॉक्सो एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम-2015 और बाल सुरक्षा संबंधी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुपालन पर चर्चा हुई। अधिकारियों को बालश्रम, भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी और अनैतिक देह व्यापार की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही गुमशुदा बच्चों की बरामदगी, पीड़ितों के चिकित्सीय परीक्षण और बाल कल्याण समिति के समक्ष बच्चों को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया समझाई गई।कार्यशाला में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने विवेचना और अभियोजन संबंधी समस्याओं पर विचार साझा किए। जरूरतमंद बच्चों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1098, 1090, 181 और 112 सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। बैठक में पुलिस, श्रम, शिक्षा विभाग, एसएसबी, चाइल्ड हेल्पलाइन और बाल संरक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैकुंठपुर सहकारी समिति पर खाद का वितरण

रतनपुर ।परसामलिक थाना क्षेत्र के पेड़ारी चौराहे स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बैकुंठपुर पर मंगलवार को डीएपी और यूरिया खाद मिलने की सूचना पर किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी।रबी सीजन में मटर, मसूर, सरसों और आलू की बुआई के चलते खाद की मांग बढ़ गई है। किसानों की भीड़ को देखते हुए समिति के सचिव धीरेंद्र सिंह ने कतारबद्ध तरीके से किसानों के पासबुक और किसान आईडी कार्ड जमा कराकर खाद का वितरण कराया।सचिव ने बताया कि समिति को 500 बोरी डीएपी और 500 बोरी यूरिया खाद मिली थी, जिसका जरूरतमंद किसानों में बिना भेदभाव वितरण किया गया। खाद मिलने से किसानों ने राहत जताई। किसान धीरज, राजेश, जयप्रकाश सिंह, सदानंद, शिवपूजन यादव और रामबेलास यादव ने कहा कि समय पर खाद मिलने से बुआई में सुविधा होगी।

12 सूत्रीय मांगों को लेकर सिंचाई संघ करेगा धरना-प्रदर्शन

महराजगंज आज। सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश की प्रांतीय इकाई के आह्वान पर 30 अक्टूबर को जिले में सिंचाई विभाग के कर्मचारी धरना-प्रदर्शन करेंगे। संघ ने अपनी लंबित 12 सूत्रीय मांगों का निस्तारण नहीं होने पर आंदोलन का निर्णय लिया है। इस संबंध में सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश की जिला शाखा निचलौल की ओर से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री, जलशक्ति मंत्री और मुख्य सचिव तक मांगें पहुंचाने का अनुरोध किया गया है।संघ के जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह और मंत्री शिव शंकर राय ने बताया कि सदस्यों की वर्षों से लंबित समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। इसी के विरोध में 30 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक धरना दिया जाएगा। संघ ने जिलाधिकारी से ज्ञापन स्वीकार कर शासन को भेजने की मांग की है। साथ ही सिंचाई विभाग के समस्त कर्मचारियों को धरना स्थल पर उपस्थित होने की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया है। संघ का कहना है कि मांगों के निस्तारण के लिए शासन का ध्यान आकृष्ट कराना आवश्यक है।

तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज

निचलौल आज। निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम हरदी में रविवार की शाम को मारपीट के एक मामले में दो ज्ञात और एक अज्ञात सहित तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट संबंधित धारे में मुकदमा दर्ज किया गया है ।गुड्डू कसौधन पुत्र जगदीश ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि रविवार की शाम को घर पर उनकी पत्नी गीता और उनके पिता जगदीश मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें गांव के निवासी संतराज, बसंत एक अज्ञात व्यक्ति के साथ आए और उनकी पत्नी और पिता को मारपीट कर गाली गलौज देते हुए जान माल की धमकी देकर चले गए ,उन्होंने कार्यवाई की मांग की है ।इस संबंध में थानाध्यक्ष योगेंद्र राय ने बताया कि तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट संबंधित धारे में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

इंटर कॉलेज फिर बना बोर्ड परीक्षा केंद्र, प्रबंधन में खुशी

श्यामदेउरवा। परतावल ब्लॉक के श्यामदेउरवा में स्थित श्रीमती गिरिजा देवी कन्या इंटर कॉलेज श्यामदेउरवा को बोर्ड परीक्षा 2027 के लिए पुनः परीक्षा केंद्र बनाया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा सूची जारी होते ही विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय को दोबारा परीक्षा केंद्र बनाए जाने से प्रबंधक मनोज पाण्डेय एवं सहित समस्त स्टाफ में उत्साह देखा गया। प्रबंधक ने बताया कि विद्यालय में परीक्षा संचालन के लिए सभी मानकों को पूरा किया गया है। सीसीटीवी, शुद्ध पेयजल, फर्नीचर और सुरक्षा व्यवस्था सहित बोर्ड की सभी गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र की छात्राओं के लिए गर्व की बात है, खासकर ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को अब परीक्षा देने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने जिला विद्यालय निरीक्षक और शिक्षा विभाग का आभार जताया है।

नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने का मुकदमा दर्ज

निचलौल आज। निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम बूढ़ाडीह खुर्द निवासी द्रोपती देवी पत्नी धर्मेंद्र दुसाध ने अपने ही गांव निवासी रितेश बनिया पुत्र शत्रुघ्न पर अपनी नाबालिक बेटी को बहला फुसला कर घर से भागने का आरोप लगाकर प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है ।आरोप है कि शनिवार की शाम को आरोपी उनकी बेटी को घर से भगा ले गया काफी खोजबीन करने पर कहीं पता नहीं चल सका अंत में थक हार कर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष योगेंद्र राय ने बताया कि नाबालिक को बहलाफुसलाकर भगाने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

श्यामदेउरवा। (आज) श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के अमवा चौराहे पर रविवार को देर रात सड़क हादसा हो गया। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घुघली थाना क्षेत्र के बल्ठो खास निवासी नवरतन गुप्ता पुत्र भगवती गुप्ता अपने रिस्तेदारी में बड़हरा बरईपार में रहते थे। अपने आवश्यक कार्य से बाइक से परतावल की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वह अमवा चौराहे पर पहुंचे, उसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने डिवाइडर से कट मारा। अचानक हुए इस घटनाक्रम में बाइक सवार वाहन की चपेट में आ गया और सड़क पर गिरकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायल को एम्बुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परतावल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चला। सूचना पर पहुँची श्यामदेउरवा पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक नशे की हालत में था, हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बीएसए के आदेश पर एसआईडी एकेडमी की जांच शुरू

महराजगंज आज। पनियरा थाना क्षेत्र के माधोनगर स्थित स्ट्रष्ट एकेडमी पर बच्चे की पिटाई, परिजनों को धमकी देने और बिना मान्यता दसवीं तक कक्षाएं संचालित करने के आरोप लगे हैं। शिकायत मिलने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने जांच कमेटी गठित कर दी है।माधोनगर निवासी घिसियावन मौर्य ने शिकायत में आरोप लगाया है कि उनका नाती शौर्य मौर्य विद्यालय में कक्षा दो का छात्र है। कुछ दिन पहले शिक्षिका शोभा ने उसकी पिटाई की, जिससे उसके मुंह से खून निकलने लगा। परिजनों के विरोध पर विद्यालय प्रबंधक अनिल कुमार के घर पहुंचकर गाली-गलौज करने का आरोप है। शिकायतकर्ता ने प्रबंधक और उसके भाई सुनील पर जान से मारने तथा एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।शिकायत में विद्यालय के बिना मान्यता कक्षा दस तक संचालित होने का दावा करते हुए जांच की मांग की गई है। बीएसए ने बताया कि गठित कमेटी सभी आरोपों की जांच करेगी। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी। वहीं, मुजुरी चौकी प्रभारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि तहरीर मिली है और मामले की जांच की जा रही है।

❖ बिना मान्यता दसवीं तक कक्षाएं चलाने का आरोप

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में धीरू बाबू को मिली अहम जिम्मेदारी

कोठीभार (आज)। भारतीय जनता पार्टी ने धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ धीरू बाबू को उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया है। उनके मनोनयन से पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है। सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए नई जिम्मेदारी के सफलतापूर्वक निर्वहन की कामना की।धीरू बाबू को प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान मिलने पर कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके अनुभव और सक्रियता से संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। साथ ही पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में भी उन्हें महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा।इस अवसर पर भाजपा सिसवा मंडल अध्यक्ष रणधीर सिंह, राजन विश्वकर्मा, जगन्नाथ गोंड, राममिलन गुप्ता, राजू सिंह सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने धीरू बाबू को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।



❖ मनोनयन से कार्यकर्ताओं में उत्साह, नेताओं व समर्थकों ने दी बधाई

मिशन शक्ति के तहत साक्षी बनी एक दिन की प्रधानाचार्य

श्यामदेउरवा।मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जीडी नेशनल स्कूल धनहा नायक में छात्राओं के सम्मान में अनोखी पहल की गई। विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा साक्षी सिंह को एक दिन के लिए विद्यालय का प्रधानाचार्य नामित किया गया। एक दिन की प्रधानाचार्य के रूप में साक्षी ने विद्यालय के पठन-पाठन, अनुशासन, प्रार्थना सभा सहित अन्य शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को नारी सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। विद्यालय प्रबंधक चंदन गुप्ता ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना है। इसी सोच के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभी ने एक दिन की प्रधानाचार्य साक्षी के कार्यों की सराहना की।

नौतनवा में 30 अक्टूबर को लगेगा वृहद रोजगार मेला, एक हजार से अधिक पदों पर होगा चयन

महराजगंज । उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत 30 अक्टूबर को विधानसभा क्षेत्र नौतनवा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले इस मेले का आयोजन आईटीआई, कौशल विकास मिशन और जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में होगा।रोजगार मेले में 15 से अधिक कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। इनके माध्यम से एक हजार से अधिक रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को 10 हजार से 35 हजार रुपये प्रतिमाह तक वेतन पाने का अवसर मिलेगा। मेले में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। आठवीं, दसवीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, बीटेक सहित तकनीकी और गैर-तकनीकी योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों को शैक्षिक प्रमाणपत्र, बायोडाटा और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर पहुंचना होगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है।

अरिहंत पब्लिकेशन ने मेधावियों को किया सम्मानित

सिसवा मुंशी (आज)। परतावल ब्लॉक के सिसवा मुंशी स्थित इंडियन कोचिंग सेंटर में मंगलवार को अरिहंत पब्लिकेशन की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अरिहंत पब्लिकेशन के जनपद प्रतिनिधि बाबू अवस्थी और कोचिंग सेंटर के निदेशक सुरेंद्र प्रजापति ने फीता काटकर किया। इस दौरान मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर निःशुल्क पुस्तकें प्रदान की गईं, जिससे छात्रों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर बाबू अवस्थी ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा देते हैं। सफलता के लिए निरंतर अभ्यास और कठिन परिश्रम जरूरी है। उन्होंने बताया कि अरिहंत पब्लिकेशन वर्षों से यूपी में गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक सामग्री उपलब्ध करा रहा है, जिससे छात्र विभिन्न परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। निदेशक सुरेंद्र प्रजापति ने अरिहंत पब्लिकेशन का आभार जताते हुए कहा कि मेधावियों का सम्मान उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सकारात्मक पहल है, इससे अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलती है।



राजेन्द्र पटेल ने सिसवा विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों का लिया आशीर्वाद

महराजगंज आज। सिसवा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के संभावित उमीदवार व समाजसेवी राजेन्द्र पटेल ने कई ग्रामो में जनसंपर्क अभियान के दौरान विभिन्न गांवों और कस्बों में लोगों से मुलाकात कर उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान क्षेत्र की जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं, जरूरतों और अपेक्षाओं को समझने का प्रयास किया गया।जनसंपर्क के क्रम में परसौनी, शिहुली परसा, नर्सरी 26, नर्सरी 27, नर्सरी 28, निचलौल कटरा चौराहा, सिसवा बाजार और खेसरारी सहित विभिन्न स्थानों पर लोगों से संपर्क किया गया। इस दौरान लोगों ने आत्मीयता के साथ स्वागत करते हुए अपना स्नेह और समर्थन व्यक्त किया।जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा गया कि जनता के बीच रहकर उनकी बातों को सुनना और उनकी अपेक्षाओं को समझना ही सच्ची जनसेवा का आधार है। जनता का विश्वास और आशीर्वाद ही सबसे बड़ी ताकत है। क्षेत्र के लोगों से मिले सहयोग और अपनत्व के लिए आभार जताते हुए जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।



क्षेत्राधिकारी सदर ने भिटौली थाने के विवेचकों के साथ की ओआर बैठक

सिसवा मुंशी आज । पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर ने थाना भिटौली के समस्त विवेचकों के साथ ओआर (ऑर्डरली रूम) किया। इस दौरान लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।पुलिस अधिकारियों ने विवेचनाओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने तथा पुलिस कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। इस दौरान संबंधित विवेचकों को लंबित मामलों में आवश्यक कार्रवाई समयबद्ध तरीके से पूरी करने के निर्देश दिए गए।

त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट, क्षेत्राधिकारी सदर ने किया पैदल गश्त

सिसवा मुंशी ।आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए महराजगंज पुलिस सतर्क है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर ने थाना भिटौली पुलिस के साथ थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, कस्बों और संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त की।इस दौरान पुलिस टीम ने भीड़भाड़ वाले एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर शांति, आपसी सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।पुलिस ने आमजन को भरोसा दिलाया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार क्षेत्र में निगरानी करेगी। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।जनपद में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए महराजगंज पुलिस लगातार सक्रिय है।

सिसवा बाजार में बाल रामलीला का शुभारम्भ

सिसवा बाजार आज। स्थानीय हिंदू कल्याण मंच के तत्वावधान में सोमवार को बाल कलाकारों की रामलीला का शुभारंभ विधि-विधान से पूजा-अर्चना और श्रीराम दरबार की आरती के साथ हुआ। रामलीला में बाल कलाकारों ने बालकांड की विभिन्न लीलाओं का सजीव मंचन कर दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम की शुरुआत नारद मुनि और महर्षि वाल्मीकि के संवाद से हुई। इसके बाद रावण के बढ़ते अत्याचारों से व्यथित देवताओं के भगवान विष्णु की शरण में जाने का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। अयोध्या की लीलाओं में महाराज दशरथ और गुरु वशिष्ठ के संवाद, पुत्रेष्टि यज्ञ तथा भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का मनोहारी मंचन किया गया।इसके बाद चारों राजकुमारों को जगाने, माता कौशल्या और बालक राम के वात्सल्यपूर्ण संवाद तथा गुरुकुल में संस्कार ग्रहण करने के प्रसंगों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। बाल कलाकारों की प्रस्तुति को दर्शकों ने सराहा।

❖ सिसवा बाजार में बाल रामलीला का शुभारंभ, श्रीराम जन्मोत्सव का हुआ मंचन

पुलिस ने बरामद किए 115 गुमशुदा मोबाइल फोन, कीमत करीब 28 लाख रुपये

महराजगंज आज। पुलिस की तकनीक आधारित कार्रवाई में मंगलवार को 115 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए। इनकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 28 लाख रुपये है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए। लंबे समय बाद मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने खुशी जताते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया।पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में सर्विलांस सेल और विभिन्न थानों की पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल तथा आधुनिक तकनीकी संसाधनों की मदद से यह सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार, पिछले सात माह में कुल 743 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं। इनकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 2.06 करोड़ रुपये है। इस अभियान में सर्विलांस टीम और विभिन्न थानों के पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर तत्काल सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं और नजदीकी थाने को सूचना दें। मोबाइल का आईएमईआई नंबर और खरीद का बिल सुरक्षित रखने से बरामदगी में मदद मिल सकती है।



खुशहालनगर में रामायण पाठ व भजन कार्यक्रम आयोजित

खुशहालनगर। घुघली विकासखंड के ग्राम सभा चौमुखा स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में सोमवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर रामायण पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत चौमुखा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महर्षि वाल्मीकि के योगदान को स्मरण करते हुए रामायण के आदर्शों और भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला गया। रामायण पाठ और भजनों के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और जीवन मूल्यों का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ग्राम सचिव ऋषिकेश यादव, ग्राम प्रधान मोहन यादव, रत्नाकर पांडेय, रामेश्वर दुबे और बाबूलाल सिंह उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

कार्तिक मास का आध्यात्मिक महत्व विषय पर संगोष्ठी आयोजित

आनंदनगर आज। पीएसएम पीजी कॉलेज में मंगलवार को 'कार्तिक मास का आध्यात्मिक दर्शन' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अशोक भारती ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान वक्ताओं ने कार्तिक मास के धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. अशोक भारती ने कहा कि कार्तिक मास भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण की आराधना के लिए विशेष महत्व रखता है। इस महीने में दामोदर एकादशी, तुलसी पूजा, गंगा पूजा और दीपोत्सव जैसे धार्मिक आयोजनों का विशेष स्थान है।अरुण कुमार सिंह ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर मनाया जाने वाला देव दीपावली पर्व आध्यात्मिक चेतना, श्रद्धा और प्रकाश का प्रतीक है। डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का संहार किया था। इसलिए इसे त्रिपुर पूर्णिमा भी कहा जाता है।वक्ताओं ने कार्तिक मास में संयमित जीवनशैली और आध्यात्मिक साधना के महत्व को रेखांकित किया। संगोष्ठी में डॉ. मुरलीधर जायसवाल, डॉ. कमलेश प्रजापति, डॉ. कृष्ण कुमार, दुर्गेश सिंह, घनश्याम सिंह सहित अन्य प्रवक्तागण उपस्थित रहे।



एनसीसी शिविर में कैडेट्स ने सीखी इंसास राइफल की जानकारी, संचार प्रशिक्षण भी मिला

सिसवा बाजार आज। परमहंस पाल पीजी कॉलेज, गुरली, सवया में 102 बटालियन एनसीसी गोरखपुर के तत्वावधान में चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिन मंगलवार को कैडेट्स को 5.56 एमएम इंसास राइफल की विशेषताओं, खोलने-जोड़ने की प्रक्रिया और दूरसंचार व्यवस्था का प्रशिक्षण दिया गया। हवलदार सतीश भगत, अनूप सिंह और आनंद सिंह ने कैडेट्स को हथियारों के सुरक्षित रखरखाव, अनुशासन तथा सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। संचार प्रशिक्षण में आरटी प्रक्रिया, संदेशों के आदान-प्रदान और निर्धारित नियमों के पालन के बारे में बताया गया।शिविर में क्विज प्रतियोगिता और थ्रो बॉल का भी आयोजन हुआ, जिसमें कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जयशंकर चौधरी ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, शारीरिक एवं मानसिक दक्षता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करना है।